## एक नजर में

### डीआईजी, एसपी सहित कलेक्टर ने खेली होली, फिल्मी गीतों पर झूमे



**खरगोन, निप्र।** शनिवार को पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का रंग ऐसा चढ़ा कि अधिकारियों और कर्मचारियों का भेद मिट गया और सभी ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाने के बाद जमकर मस्ती की। खासियत यह रही कि सभी ने सुखे रंगों से होली खेली। डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा, एसपी रविन्द्र वर्मा, कलेक्टर भव्या मित्तल आदि ने न केवल शामिल होकर बल्कि साथ में डांस करके उत्साह को दोगुना कर दिया। जिले के सभी थानो के एसडीओपी, थाना प्रभारी बल के साथ शामिल हुए। इन लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। निमाड़ी, हिंदी, राजस्थानी, भोजपुरी, आदिवासी, हरियाणवी आदि गानों पर अफसर और पुलिसकर्मी खूब नाचे। साउंड सिस्टम के साथ ही ढोल और मांदल की थाप ने नाचने का उत्साह दोगुना कर दिया।

### मप्र जनअभियान परिषद की बैठक



**बड़वाह, निप्र।** मप्र जन अभियान परिषद की सेक्टर बैठक शासकीय महाविद्यालय भवन मे शनिवार दोपहर 12 बजे से संपन्न हुई। ब्लाक समन्वयक धर्मेन्द्र गुप्ता ने जन अभियान परिषद की सभी प्रश्नफुटन व नवंकूर संस्था के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित पूरी टीम को समिति के सुचना,गतिविधि,व शासन की योजनाओं के प्रचार प्रसार की जानकारियों को रजिस्टर अंकित कर उनका लेखा जोखा जो जरूरी हो इन सभी को व्यवस्थित रखने को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रसफुटन समिति अध्यक्ष एन.एस. सोलंकी,उपाध्यक्ष विजय वर्मा,देवेंद्र कर्मा,नवांकुर संस्था के अध्यक्ष महिपाल सिंह मेवाड़े, बड़वाह नगर प्रस्फूटन समिति अध्यक्ष देशा मेराणा सचिव रितेश दुबे,अजय प्रताप सिंह डॉ.अशोक सोनी,सियाराम बिरला,विजय चौहान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 152 किशोरी बालिकाओं को एच .पी वी वैक्सीन लगाया



**गोगावा, निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावा में भारत शासन के निर्देशानुसार सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 152 किशोरी बालिकाओं को एच .पी वी वैक्सीन लगाया गया अभी तक विकासखंड में 204 को वेक्सिनेशन किया गया। डॉक्टर एहमद रजा खान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा बताया गया कि वेक्सिनेशन में सभी विभागों के सहयोग से प्रगति आई हे। एच .पी .वी. वैक्सीन 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाओं को वैक्सीनेशन किया जा रहा हे। यह अभियान शासन के निर्देशानुसार तीन माह तक चलाया जाएगा जिसमें ब्लॉक गोगावा अंतर्गत लगभग 1500 बालिकाओं को लाभ प्राप्त होगा

### श्री सिद्धनाथ महादेव के दरबार में उड़ा अबीर-गुलाल, फूलों से महका फाग उत्सव

**खरगोन, निप्र।** भावसार मोहल्ला स्थित अतिप्राचीन श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में श्री सिद्धनाथजी श्रृंगार मित्र मंडल ने फाग उत्सव का आयोजन किया। यहां महादेव जी के आंगन में भक्ति के रंगों की बौछार हुई और आस्था के रंग बरसे। मंडल के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि उत्सव की शुरुआत में प्रातः 11.30 बजे भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव जी की विशेष महाआरती की गई। इसके पश्चात होली खेलने का सिलसिला शुरू हुआ। इस भक्ति गीतों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। कार्यक्रम में शिव भक्तों के लिए छाछ की ठंडाई एवं आलूबड़े की व्यवस्था भी की गई थी। मंदिर पुजारी हरिश गोस्वामी ने बताया कि महादेव के दरबार में 60 किलों विभिन्न रंगों के हर्बल गुलाल एवं 40 किलों सुगंधित फूलों की पंखुडियों से पुष्प होली खेली गई। यह आयोजन न केवल रंगों का उत्सव है, बल्कि शिव और भक्त के अटूट प्रेम का प्रतीक भी है। समूचा मंदिर परिसर शिवमय होकर गुलाल के रंगों में सराबोर नजर आया।



### नैसर्गिक संपदा से समृद्ध ग्राम सुलगांव को पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने की मांग

**बड़वाह, निप्र।** संपूर्ण बड़वाह विधानसभा क्षेत्र नैसर्गिक प्राकृतिक संपदा से संपन्न है। क्षेत्र के ग्राम सुलगांव में जीवनदायी नर्मदा के पावन तट,ऊंचे पहाड़,घने जंगल,वन्य प्राणी और झरने मौजूद हैं। प्रचुर प्राकृतिक संपदा की विरासत को धारण किए हुए सुलगांव क्षेत्र में पर्यटन की अनंत संभावनाएं मौजूद हैं। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने जिला कलेक्टर को पत्र लिख कर बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के नैसर्गिक सौंदर्य से भरपूर ग्राम सुलगांव को पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत सुलगांव अपने प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत ग्रामीण परिवेश के कारण खरगोन जिले में एक विशिष्ट पहचान रखती है। सुलगांव क्षेत्र में नैसर्गिक सौंदर्य,आध्यात्म और प्राचीन ग्रामीण संस्कृति का एक अद्?भुत संगम है। नर्मदा की गोद में स्थित सुलगांव क्षेत्र की नयनाभिराम भौगोलिक विशेषताएं सुलगांव को एक आदर्श पर्यटन ग्राम बनाने की पूर्ण पात्रता प्रदान करती है। प्राकृतिक वन्यजीवों का अभ्यारण्य,सघन वन्य क्षेत्र और इको टूरिज्म की संभावनाओं को अपने अंचल में समेटे ग्राम सुलगांव पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बन सकता है। पत्र में कहा गया है कि सुलगांव क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के अनेक प्राचीन तीर्थ मौजूद हैं। सुलगांव क्षेत्र स्थित पंचमुखी महादेव प्राचीन शिवालय एवं नर्मदा के निर्मल और शांत तट श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को मानसिक शांति प्रदान करते हैं। इसके अलावा सुलगांव क्षेत्र निमाड़ की प्राचीन संस्कृति एवं लोक कला का केंद्र है। सुलगांव की पारंपरिक लोक कलाएं,गणगौर उत्सव,संजा पर्व एवं हस्तशिल्प भारत ही नहीं अपितु दुनिया भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं। पत्र के अनुसार सुलगांव क्षेत्र में जैविक खेती को यदि 'एग्रो-टूरिज्म के रूप में बढ़ावा मिले तो स्थानीय किसानों,हस्तशिल्प,कारीगरों,युवाओं और खेतीहर श्रमिकों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध होंगे और क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि के द्वार खुलेंगे।

# महिला दिवस साहस और आत्मसम्मान का प्रतीक है

## 'मेरा संघर्ष हक एवं सम्मान की लड़ाई'

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव ही नहीं है बल्कि नारी शक्ति, साहस और आत्मसम्मान का प्रतीक है।

यह दिन उन महिलाओं को समर्पित है जिन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और अपने अधिकारों के लिए लगातार ढाई वर्षों तक संघर्ष करती रही मामला है वर्ष 2023 का ग्रुप 5 के तहत नियमित् हरूपद के भर्ती नियमों में नए नियमों को जोड़े जाने से हजारों अभ्यर्थियों के सपनों और भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया था जिससे अभ्यर्थी उक्त भर्ती परीक्षा से बाहर हो गए थे जिससे निराश एवं हताश होकर बहनों ने अपनी बहुत ही विकट समस्याएं मेरे समक्ष रखी उस समय सामने दो ही रास्ते थे या तो चुप रहना या संघर्ष करना।

मैने संघर्ष का रास्ता चुना तब मैने अपने जिले की टीम के साथ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया क्यूंकि मुझे पूर्ण विश्वास था कि न्याय व्यवस्था सत्य का जरूर देगी शनैः शनैः कारवां बढ़ता चला





गया मैने ऑनलाइन जूम मीटिंग एवं कॉन्फ्रेंस कॉल के माध्यम से पूरे प्रदेश की बहनों का कानूनी रूप से लड़ाई लड़ने हेतु प्रेरित कर इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर की माननीय उच्च न्यायालय की समस्त खण्ड पीठ में हजारों याचिकाएं दर्ज करवाई किन्तु जब कानूनी प्रक्रिया से कोई उचित समाधान नहीं निकला तब शासन प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने हेतु राज्य स्तर पर कई घेराव किए कई आंदोलन किए जब उससे भी नहीं बनी तब दिनांक 28 जुलाई



2025 को आमरण अनशन का निर्णय लिया द्य अन्न और जल का त्याग केवल एक विरोध ही नहीं

**मात्र शक्ति को सन्देश**

महिलाएँ कमजोर नहीं होतीं। जब बात अधिकार और सम्मान की हो, तो प्रत्येक महिला के भीतर एक अडिग शक्ति जाग उठती है। तो आईए एकजुट होकर आवाज़ उठाइए अन्याय अत्याचार शोषण के खिलाफ, क्योंकि आपकी हिम्मत किसी और के लिए उम्मीद बन सकती है।'

था बल्कि यह आत्मसम्मान और अधिकारों की पुकार थी। उन 9 दिनों में शारीरिक पीढ़ा थी जिसे देख अनशन स्थल तैनात मेडिकल से लेकर पूरे पुलिस फोर्स की रूह तक कांप उठी थी उन नौ दिनों में मैने मौत को तिल तिल जीते हुए देखा है मेरे शरीर का बाहरी अंग क्षतिग्रस्त हो जाता तो मै दो दिन और निकाल सकती थी किन्तु मेरी जुबान पूरी तरह से सुख जाने के कारण मेरे गले में उठते बैठते स्लिप होने लगी जिससे मेरी श्वास नली ब्लॉक होने की पूरी संभावना थी तो एक ओर मानसिक दबाव भी था लेकिन उससे कहीं अधिक दृढ़ विश्वास था कि अन्याय के आगे झुकना विकल्प नहीं है मेरा यह संघर्ष केवल मेरे लिए नहीं था यह उन सभी बहनों के लिए था जो अपने हक के लिए लड़ना तो चाहती थी किन्तु परिवार एवं पति का दबाव एवं परिस्थितियों के सामना करने हेतु आज भी हिचकिचाती है अंततः जीत संघर्ष की हुई दिनांक 5 अगस्त 2025 की शाम 7 बजे माननीय उप मुख्यमंत्री जी डॉक्टर राजेन्द्र शुक्ल जी द्वारा मुझे पानी पिलाकर मेरा अनशन तुड़वाया गया बेशक मेरे द्वारा किए अनशन की लड़ाई के कुछ टास्क अभी शेष हैं।

मेरे द्वारा जिले से लेकर राज्य स्तर पर किए जाने वाले घेरना धरना आंदोलनों जैसी गतिविधियों में मेरे पति जीतेंद्र हिरवे एवं ने प्रेरणा स्त्रोत की भूमिका के रूप में मित्रवत मेरा हर पल साथ दिया इतना ही नहीं वरन 9 दिवसीय आमरण अनशन के दौरान पति एवं दोनों बच्चों भव्य एवं सजल ने भोपाल से 400 किलोमीटर दूर रहकर भी एक समय भोजन किया पूरे नौ दिनों तक व्रत किया जिसे मैं कभी भुला नहीं सकती।

## महेश्वर में बन रहा आधुनिक सांदीपनी विद्यालय, विधायक राजकुमार मेव ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**महेश्वर, निप्र।** नगर में निर्माणाधीन सांदीपनी विद्यालय भवन का शनिवार को क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए तथा आगामी शैक्षणिक सत्र से पूर्व इसे पूर्ण किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को समय पर बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। विधायक मेव ने कहा कि विद्यालय भवन का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और तय समय-सीमा में पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए साथ ही बॉउंड्रीवाल की ऊचाई रोड साइड की ऊचाई कम होने पर जाली लगाकर ऊचाई बढ़ाने के निर्देश दिए। प्राचार्य बिरजू गुप्ता क्रो ओडिटोरियम, पीछे की बाउंड्री वाल, खेल मैदान, रनिंग ट्रेक का प्रस्ताव बनाकर देने क्रो कहा ताकि ये कार्य भी करवाया जा सके एवम महेश्वर के विद्यार्थियों क्रो इंकार लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन सांदीपनी विद्यालय महेश्वर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक सौगात साबित होगा। यह विद्यालय क्षेत्र के बेटों और बेटियों को आधुनिक तकनीक, भारतीय संस्कृति और संस्कार-आधारित शिक्षा से जोड़ने का कार्य करेगा। विद्यालय में स्मार्ट क्लासेस, रोबोटिक्स लैब सहित अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षाए के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और खेलकूद के क्षेत्र में भी नवाचार का अनुभव मिलेगा। विधायक मेव ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के इस प्रयास से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को समान अवसर प्राप्त होंगे तथा महेश्वर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा स्थापित होगी। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री (पी आई यू ) मंदीप डावर एस डी ओ डावर आरती पाटीदार प्रचार्य बिरजू गुप्ता उपस्थित रहे।







## लगातार चौथे साल, पैरामाउंट को शासन द्वारा इंस्पायर अवार्ड मिला

**कसरावद, निप्र।** निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट अकादमी, कसरावद के विद्यार्थियों को इंस्पायर अवार्ड मिला। विद्यालय की मीडिया प्रभारी बबलू वर्मा ने बतलाया कि इंसपायर अवार्ड मानक योजना के तहत, भारत सरकार कक्षा 6 से 10वीं तक के 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए चयन करती है। इस परीक्षा में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय पैरामाउंट अकादमी, कसरावद की विद्यार्थी नक्षिता विशाखा सचिन पाटीदार का चयन इस अवार्ड के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अलग अलग प्रोजेक्ट बनाकर विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की। यह योजना विद्यार्थियों को नवाचार और वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित करती है साथ ही विद्यार्थियों को अपने प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए 10,000 रुपये की धनराशि प्रोत्साहन के रूप मे प्रदान की गई। इन चयनित बच्चों को अगले स्तर पर अपने मॉडल को शिक्षाविदों को प्रस्तुत करना होगा। इस प्रतियोगिता में बच्चों की उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक श्री मितेश जी पाटीदार और विद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश जी पाटीदार एवं सभी शिक्षकों ने बधाई दी द्य साथ ही विज्ञान में निरन्तर नवाचार करते रहने की बात कही।




## कलचुरी कलाल समाज का परिचय सम्मेलन 15 को



**बिस्टान, निप्र।** कलचुरी कलाल समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 15 मार्च को स्थानीय राधाकुंज मांगलिक परिसर में आयोजित किया जाएगा। कलचुरी कलाल समाज के मीडिया प्रभारी एवं स्मारिका परिणय सेतु के संपादक प्रभुराम मालवीया,सह संपादक चौ. घनश्याम मालवीया, आनन्द मालवीया ने बताया कि श्री हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलाल समाज के इस परिचय सम्मलेन में परिणय सेतु स्मारिका का विमोचन किया जाएगा।

15 मार्च रविवार को राधा कुंज मांगलिक परिसर खरगोन मे आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों एवं महाराष्ट्र के स्वजातीय बंधु शामिल होंगे।। 300 से अधिक विवाह योग्य युवक युवतियों के बायोडाटा प्राप्त हो गए है। समाज के जिला अध्यक्ष बिहारीलाल मालवीया, जिला सचिव रघुनन्दन मालवीया, जिला कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मालवीया, जिला संरक्षक एवं मार्गदर्शन एल, एन, मालवीया, परसराम चौहान, इंजी.नितिन मालवीया ब्लाक अध्यक्ष जितेश धारवाल, चमनलाल मालवीया, मनोज मालवीया, राजेश जायसवाल, महेश मालवीया, राजेश मालवीया ,विजय मालवीय, यशवन्त मालवीया, सत्यनारायण मालवीया, राजेन्द्र मालवीया, रुपेश मालवीया, संतोष , , गम्भीर मालवीया, कैलाश मालवीया, नारायण मालवीया, गौरव आर्य, हरिओम मालवीया, शांतिलाल मालवीया, सुनील चौथमल, नंदकिशोर मालवीया ने स्वजातीय बंधुओं से अनुरोध किया है कि अधिक संख्या में स्वजातीय बंधुओं के विवाह योग्य युवक-युवतियों को शामिल कर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, जीती ट्रॉफी



**खरगोन, निप्र।** मेरा युवा भारत के तहत जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज खेल मैदान पर किया गया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, गोला फेंक एवं 100 मीटर दौड़ की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। 100 मीटर दौड़ में प्रथम नीलेश तरोले, द्वितीय स्थान मोहित चौहान तथा तृतीय स्थान मोइन खान ने हासिल किया। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम बसंती मेहरा, द्वितीय सोनाली ओसारी तथा तृतीय खुशी कनासे रहीं। गोला फेंक पुरुष वर्ग में प्रथम मोहित चौहान, द्वितीय नीलेश तरोले तथा तृतीय विष्णु भालसे रहे। गोला फेंक महिला वर्ग में प्रथम उर्वशी चौहान, द्वितीय मनीषा जमरे तथा तृतीय बसंती मेहरा रहीं। वॉलीबॉल महिला वर्ग में विजेता खरगोन टीम तथा उपविजेता कसरावद टीम रही। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में विजेता केवी क्लब तथा उपविजेता खरगोन क्लब रही विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल, स्पोर्ट्स किट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गगन चौधरी रहे। क्रीड़ा अधिकारी दयाराम राजपूत, खेल एव युवा कल्याण विभाग के जितेन्द्र हिरवे, आशीष गुप्ता व स्वाति शर्मा ने प्रतियोगिता संपन्न कराई। संचालन सागर राठौड़ ने किया आभार अभिषेक राठौड़ माना।

**एक नजर में** | **नगर परिषद के सभापति व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने दिया 45 दिन में कार्य प्रारंभ का आश्वासन**

## बिस्टान मुक्तिधाम के कायाकल्प को लेकर भावसार समाज ने सौंपा ज्ञापन

सुभाष टाके

**बिस्टान, निप्र।** बिस्टान के वार्ड क्रमांक-1 में इंद्रावती नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम के सर्वांगीण विकास को लेकर भावसार समाज के एक कार्यक्रम में ज्ञापन दिया गया। समाज अध्यक्ष ने सैकड़ों समाजजन की उपस्थिति में उक्त ज्ञापन नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश राठौर व लोक निर्माण समिति सभापति प्रहलादसिंह वास्कले को सौंपा। शनिवार को बिस्टान निवासी स्व. रामकृष्ण भावसार का पगड़ी कार्यक्रम गायत्री मंदिर परिसर पर हुआ। भावसार क्षत्रिय समाज बिस्टान के अध्यक्ष अनिल भावसार ने परिषद अध्यक्ष व सीएमओ के नाम से ज्ञापन सौंपकर मुक्तिधाम परिसर की बाउंड्रीवॉल निर्माण, छाया हेतु शेड निर्माण, जल अंजली स्थल निर्माण, पौधारोपण, पेयजल व स्नान हेतु ट्यूबवेल व टंकी निर्माण, शिवालय निर्माण व समुचित बैठक व्यवस्था की मांग की। ज्ञापन की प्रति प्रदेश के मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन व आवास मंत्री तथा कलेक्टर खरगोन को प्रेषित की जाएगी। श्री राठौर व श्री वास्कले ने उपस्थित समाजजन को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही मुक्तिधाम के कायाकल्प के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाकर 45 दिन में टीएस स्वीकृति व कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने स्वीकार किया कि जन भावनाओं को देखते हुए यह कार्य बहुत पहले हो जाना था। लेकिन अब इसपर तेजी से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता गुलाबचंद भावसार, समाजसेवी प्रकाश भावसार, राजेश मालवीया, दिनेश भावसार, भाजपा नगर अध्यक्ष मांगीलाल राठौर, विजय भावसार, नरेंद्र भावसार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।





### अंत्येष्टि पर किया था संकल्प पारित

उल्लेखनीय है कि दिवंगत रामकृष्ण भावसार के निधन पर उनकी अंत्येष्टि के समय आयोजित शोकसभा में बिस्टान मुक्तिधाम की उपेक्षा को लेकर समाजसेवी प्रकाश भावसार ने चिंता व्यक्त की थी। उपस्थित नागरिकों व समाजजन ने एक संकल्प पारित कर जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया था। तब नगर परिषद ने तत्काल कार्यवाही करते हुए । मुक्तिधाम पर जंगली झाड़ियों की कटाई करवाकर साफ-सफाई अभियान चलाया था।